This question paper contains 7 printed pages]

*Your Roll No.*...............

**2089**

**LL.B./V Term** **D**

Paper LB-5034

INTELLECTUAL PROPERTY LAWS

(Old Course)

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— Answers may be written either in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Attempt any *five* questions.

*All* questions carry equal marks

किन्ही **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।

1. Attempt briefly (**150** words each) any *four* of the following :

(*a*) International Copyright Order;

(*b*) Meaning of "Inventive Step";

(*c*) Types of Specifications;

(*d*) Meaning of "Author" of a work;

(*e*) Subject matter of copyright.

निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** के उत्तर संक्षेप में (150 शब्द प्रत्येक) लिखिए :

(*a*) अंतर्राष्ट्रीय प्रतिलिप्यधिकार व्यवस्था

(*b*) "आविष्कारिक उपाय" का अर्थ

(*c*) विनिर्दिष्टियों के प्रकार

(*d*) किसी कृति के 'रचयिता' का अर्थ

(*e*) प्रतिलिप्यधिकार की अन्तर्वस्तु।

2. Joseph conceived an idea of reality TV Programme "Comedy nights" in which some of the best comedians of India and abroad will take up social issues in a funny manner. The programme will have a lot of fun and also give messages to the society. He prepared a detailed concept note and shared it with Suleman Bhai, a well-known producer of TV programmes, in strict confidence for the purpose of making a TV show. Sulmean did not make any commitment to produce the show. After sometimes, Joseph found that a TV show titled "Weakends with Best Comedians" prepared by Suleman was being aired by a channel and it was based on his concept note. He filed a suit against Suleman on the ground that he has violated his copyright in the concept note and also breached the confidence. He also applied for injunction against the TV channel for preventing them from airing the show.

Decide, referring to judicial pronouncements.

जोजेफ के मन में एक रियलिटी टीवी प्रोग्राम ''विनोदपगी रातें'' का विचार आया जिसमें भारत तथा विदेशों के श्रेष्ठ हास्य अभिनेता सामाजिक मुद्दों को विनोदपूर्ण ढंग से उठाएंगे। यह प्रोग्राम भरपूर मनोरंजन के साथ समाज को संदेश भी देगा। उसने एक विस्तृत संकल्पना-टिप्पणी तैयार की और इसको टीवी प्रोग्रामों के सुपरिचित निर्माता सुलेमान भाई के साथ टीवी शो बनाने के प्रयोजन से परम गुप्त रूप में शेयर किया। सुलेमान ने शो के निर्माण के लिए कोई प्रतिबद्धता नहीं दिखाई। कुछ दिन बाद जोजेफ को पता चला कि सुलेमान द्वारा तैयार किया गया टीवी शो, जिसका शीर्षक 'Weekends with Best Comedians' किसी चैनल पर प्रसारित किया जा रहा है। यह उसकी अपनी संकल्पना टिप्पणी पर आधारित था। उसने इस आधार पर सुलेमान के विरुद्ध वाद फाइल किया कि उसने संकल्पना-टिप्पणी में उसके प्रतिलिप्यधिकार का उल्लंघन किया है तथा उसके विश्वास को भी भंग किया है। उसने टीवी चैनल के विरुद्ध भी उन्हें उक्त शो के प्रसारण करने से रोकने के लिए व्यादेश की भी अर्जी दी।

न्यायिक उद्घोषणाओं को निर्दिष्ट करते हुए विनिश्चय कीजिए।

3. What are registrable varieties under the Protection of Plant Varieties and Farmers' Right Act, 2001 ? What are the rights of farmers and Breeders under the Act ?

पादप किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001 के अन्तर्गत रजिस्ट्रीयोग्य किस्में कौनसी हैं ? उक्त अधिनियम के अन्तर्गत कृषकों और प्रजनकों के क्या अधिकार हैं ?

4. (*a*) Discuss economic rights of copyright owner of literary and artistic work.

साहित्यिक और कलात्मक कृति के प्रतिलिप्यधिकार के स्वामी के आर्थिक अधिकारों का विवेचन कीजिए।

(*b*) Discuss Permers' rights under the Copyright Act.

प्रतिलिप्यधिकार अधिनियम के अन्तर्गत Permers' rights का विवेचन कीजिए।

5. (*a*) Explain the provisions of section 31C of the Copyright Act relating to the grant of statutory licence for cover version.

कवर वर्शन हेतु कानूनी लाइसेंस की मंजूरी से सम्बन्धित प्रतिलिप्यधिकार अधिनियम की धारा 31C के उपबन्धों को स्पष्ट कीजिए।

(*b*) Discuss the concept of fair dealing with special reference to section 52(1)(a) of the Copyright Act for reporting current events and current affairs with the help of case laws, if any.

निर्णय विधि, यदि कोई है, की सहायता से ताजा घटनाक्रम और वर्तमान हालात की रिपोर्ट देने हेतु प्रतिलिप्यधिकार अधिनियम की धारा 52(1)(a) के विशेष निर्देश सहित खरा व्यौहार' संकल्पना का विवेचन कीजिए।

6. What are patentable and non-patentable inventions under Patents Act, 1970 ? Discuss any *eight* inventions which are not patentable. Can micro-organisms be patented under the Act ?

पेटेन्ट अधिनियम, 1970 के अन्तर्गत पेटेन्टयोग्य और गैर-पेटेन्टयोग्य आविष्कार कौनसे हैं ? ऐसे किन्हीं **आठ** आविष्कारों का विवेचन कीजिए जो पेटेन्टयोग्य नहीं हैं। क्या अधिनियम के अन्तर्गत सूक्ष्मजीवों का पेटेन्ट हो सकता है ?

7. Discuss the procedure for the grant of patent under Patents Act, 1970.

पेटेन्ट अधिनियम, 1970 के अन्तर्गत पेटेन्ट की मंजूरी हेतु प्रक्रिया का विवेचन कीजिए।

8. (*a*) Discuss special provisions for compulsory licences under sections 92 and 92 A of the Patents Act, 1970.

पेटेन्ट अधिनियम, 1970 की धारा 92 तथा 92 A के अन्तर्गत अनिवार्य लाइसेंस हेतु विशेष उपबन्धों का विवेचन कीजिए।

(*b*) Write a short note on trade secrets.

व्यापार गोपनीयताओं पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।